## आकाशवाणी गोरखपुर
## प्रादेशिक समाचार

दिनांक–**11 जुलाई** 2026 **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या और बस्ती में नौ सौ छत्तीस करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण और शिलान्यास। कहा– प्रदेश में हो रहा विकास और विरासत का अद्भुत समन्वय।
- मुख्यमंत्री आज कुशीनगर और गोरखपुर में एक हजार दो सौ तिरासी करोड़ रूपये के विकास कार्यों का करेंगे लोकार्पण और शिलान्यास।
- अयोध्या के श्रीराम मंदिर में कथित दान चोरी की निष्पक्ष जांच की मांग वाली याचिकाओं पर सर्वोच्च न्यायालय में सोमवार को होगी सुनवाई।
- भारी बारिश से कई जिलों में बढ़ने लगा नदियों का जलस्तर। बारिश से हो रही जन और पशु हानि पर मुख्यमंत्री ने चौबीस घंटे में पीड़ितों को मुआवजा देने के दिये निर्देश।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल अयोध्या के सोहावल में चार सौ बत्तीस करोड़ रुपये से अधिक लागत वाली दो सौ सत्रह विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने यहां पूर्व मंत्री मुन्ना सिंह चौहान की प्रतिमा का अनावरण भी किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्या में अब विकास और विरासत का अद्भुत समन्वय हो रहा है।

***अयोध्या में भक्ति पथ हो, राम पथ हो, जन्मभूमि पथ हो, ये सभी अयोध्या की पहचान बन रहे हैं। जो सिंगल लेन था जो फोर लेन और सिक्स लेन की सड़कें हैं। चारों ओर से एयर कनेक्टिविटी, रेलवे की कनेक्टिविटी, रोड की कनेक्टिविटी आज अयोध्या को नई पहचान दिला रहा है।***

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने भदरसा नगर पंचायत का नाम भरतकुंड और ग्राम पंचायत खिरौनी–सुचित्तागंज का नाम मां ज्वाला देवी के नाम पर करने की घोषणा की।

**********

मुख्यमंत्री ने कल बस्ती में पांच सौ चार करोड़ रुपए से अधिक लागत की विभिन्न विकास परियोजनाओं का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने हरैया में सत्ताइस करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले मुख्यमंत्री कंपोजिट विद्यालय के लिए भूमि पूजन भी किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि बस्ती में मखौड़ा धाम, भदेश्वर नाथ धाम और तपसी धाम में चल रहे विकास कार्यों के साथ–साथ अब कर्ण मंदिर के सौंदर्यीकरण का कार्य भी आगे बढ़ाया जाएगा।

***यह जो विकास कार्य हो रहा है, मखोड़ा धाम का हो, भदेश्वर नाथ धाम का हो, तपसी धाम का हो, यह डबल इंजन की भारतीय जनता पार्टी की सरकार है और आस्था का सम्मान करते हुए उसके लिए भव्य अवस्थापना सुविधाओं का विकास भी करती है और इसीलिए तो 84 कोसी परिक्रमा का मार्ग भव्य बन रूप से श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए भी और अयोध्या धाम के रिंग रोड के रूप में भी वह काम करेगा इस रूप में उसका विकास किया जा रहा है।***

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज कुशीनगर और गोरखपुर जिले को, कुल मिलाकर एक हजार दो सौ तिरासी करोड रुपये की सौगात देंगे। वह कुशीनगर में पांच सौ पचीस करोड़ रुपये की लागत वाली चार सौ चौसठ और गोरखपुर में करीब सात सौ अट्ठावन करोड़ रुपये की चौबीस विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। एक रिपोर्ट

***मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज सुबह गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन करने के बाद कुशीनगर जिले का दौरा करेंगे। वह टेकुआटार में आयोजित विकास कार्यों के लोकार्पण व शिलान्यास समारोह में तीन विधानसभा क्षेत्रों रामकोला, हाटा और कुशीनगर के लिए सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई से जुड़ी परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास कर जनसभा को संबोधित करेंगे। कुशीनगर का दौरा करने के पश्चात मुख्यमंत्री, आज दोपहर बाद गोरखपुर के पिपराइच विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत भटहट–बांसस्थान में फोरलेन सड़क सहित 5 सड़कों का लोकार्पण और सड़क निर्माण एवं पर्यटन विकास से जुड़े19 विकास कार्यों का शिलान्यास करेंगे। मुख्यमंत्री जिन सड़कों का लोकार्पण करेंगे, उनमें सबसे महत्वपूर्ण भटहट–बांसस्थान फोरलेन मार्ग है। 11.6 किमी लंबे इस मार्ग पर ही प्रदेश का पहले आयुष विश्वविद्यालय भी स्थापित है। समाचार कक्ष से रीतेश।***

**********

पर्यावरण संरक्षण के लिये प्रदेश सरकार कल पौधरोपण महायज्ञ–दो हजार छब्बीस का आयोजन करेगी। इसकी शुरूआत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोरखपुर में लिंक एक्सप्रेस–वे के समीप पौधा लगाकर करेंगे। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य झांसी और ब्रजेश पाठक लखनऊ में पौधरोपण करेंगे। एक पेड़ मां के नाम अभियान के अन्तर्गत राज्य सरकार ने पैंतीस करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य रखा है।

**********

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में कल हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर का आठवां दीक्षांत समारोह सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यार्थियों को एक हज़ार इकहत्तर उपाधियां और सैंतालीस पदक प्रदान किए गए। कार्यक्रम में राज्यपाल ने तीन सौ आंगनबाड़ी केंद्रों को आंगनबाड़ी किट दिए और छः सौ बालिकाओं का एचपीवी टीकाकरण भी कराया। राज्यपाल ने कहा कि छात्राएं तकनीकी क्षेत्र में उत्कृष्ट उपलब्धियां हासिल कर के देश का गौरव बढ़ाएं।

**********

सर्वोच्च न्यायालय अयोध्या के श्रीराम मंदिर में कथित दान चोरी की निष्पक्ष जांच की मांग वाली कई याचिकाओं पर सोमवार को सुनवाई करेगा। इन याचिकाओं की सुनवाई भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहन की पीठ के सामने प्रस्तावित है। इन याचिकाओं में घटना की सीबीआई जांच और श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के वित्तीय लेनदेन का ऑडिट कैग से कराने का अनुरोध किया गया है। इससे पहले अयोध्या की एक अदालत ने इस मामले में आठ आरोपियों में से तीन को एक दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया था।

**********

अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में दान राशि की गिनती के काम में लगे बीस से अधिक कर्मचारियों ने एक साथ इस्तीफा दे दिया है। इन कर्मचारियों के इस्तीफे को चढ़ावे में अनियमितता का मामला सामने आने के बाद व्यवस्था में किए गए बदलावों से जोड़कर देखा जा रहा है। इस बीच, शेष बचे कर्मचारियों की ड्यूटी व्यवस्था और छुट्टियों में बदलाव किया गया है। वहीं चढ़ावे की गिनती को लेकर सुरक्षा व्यवस्था भी सख्त की जा रही है। अब इस काम के लिए अलग से विशेष कर्मचारी रखे जाएंगे।

**********

संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत प्रदेश भर में आज से इकतीस जुलाई तक दस्तक अभियान चलाया जाएगा। इसक अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग की टीम घर घर जाकर लोगों को मौसमी बीमारियों समेत अन्य बीमारियों के लक्षण और बचाव के बारे में जागरुक करेंगी। फतेहपुर के मुख्य चिकित्सा अधिकारी उदयभान सिंह ने बताया कि इस अभियान को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए विभिन्न विभागों का सहयोग लिया जाएगा।

***इसमें करीब 7–8 विभाग हमारे जुड़े हुए हैं और सातों आठों विभाग का प्लान है इस तरीके से बनाया गया है कि एक ही स्थान पर उसी दिन सारे लोगों का कार्यक्रम तो उसमें यह रहता है कि कोई एक्टिविटी ऐसी नहीं है कि जो छूट जाए जिससे कि वहां की सारी व्यवस्थाएं एक साथ ठीक हो सके। कार्यक्रम में जितना मलेरिया वर्कर है वह लगा है हमारे यहां से एचएस लगे हुए हैं और नोडल ऑफिसर्स भी बनाए गए हैं और प्रभारी चिकित्सा अधिकारी और उनके अधीन जितने चिकित्सक हैं वह सभी लोग इसकी मॉनिटरिंग कर रहे हैं।***

**********

प्रदेश के विभिन्न जनपदों में भारी बारिश से हो रही जनहानि और पशुहानि की घटनाओं का संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों से नुकसान का आकलन कर के चौबीस घंटे में मुआवजा देने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री ने सभी वरिष्ठ अधिकारियों को क्षेत्र में जाकर प्रभावित परिवारों को हर संभव सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। मानसूनी बारिश के चलते प्रदेश के कई जिलों में नदियों का जलस्तर बढ़ने लगा है। एक रिपोर्ट–

***राज्य में लगातार हो रही बारिश के चलते लखीमपुरखीरी के पलियांकला में शारदा नदी खतरे के निशान के पास पहुंच गई है। वहीं कुशीनगर में गंडक नदी का जलस्तर भी तेज़ी से बढ़ रहा है। उधर, बिजनौर बैराज से पानी छोड़े जाने के कारण अमरोहा में खादर क्षेत्र के गांवों में बाढ़ का खतरा बढ़ गया है। क्षेत्र की कई बीघा फसलें जलमग्न हो गई हैं। अमरोहा के जिलाधिकारी डॉ नितिन गौड़ ने बताया कि गंगा का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। इसको देखते हुए ज़िला प्रशासन सतर्क है और सुरक्षा के सभी उपाय कर लिए गए हैं। समाचार कक्ष से तनवीर फातिमा।***

भारी बारिश के चलते बदायूं और सीतापुर में आज कक्षा एक से कक्षा आठ तक के सभी स्कूलों को बन्द रखने के आदेश दिये गये हैं।

**********